Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide agricultural tools to farmers to tackle straw burning in Punjab.

श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब) : सभापति महोदय, हमारे पहले गुरू गुरू नानक देव जी ने अपनी वाणी में कहा था – 'पवन, गुरू, पानी, पिता, माता, तरतम हाथ ।' एन्वायरमेंट के लिए उनका इतना प्यार और कन्सर्न था । आज जब भी दिल्ली में या कहीं भी वायु प्रदूषण की बात आती है तो उंगली पंजाब के किसान की तरफ उठाई जाती है । मैं भी मानता हूँ कि स्ट्रॉ बर्निंग एक बहुत बड़ी समस्या है । सर, उसके हल के लिए पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह जी के नेतृत्व की जो सरकार है, उन्होंने 25 सौ रुपये प्रति एकड़ किसान, जिन किसानों ने पराली नहीं जलाई है, उनको दिया है । मैं प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी से विनती करता हूँ कि वे भी पांच हजार रुपये प्रति एकड़ दे कर उन किसानों की मदद करें । सरकार की यह एक अच्छी स्कीम है, जिसके तहत इन्होंने सुपरसीडर, हैप्पी सीडर जैसे औज़ार और मशींस किसानों को सब्सिडी पर दिए हैं । मेरी दरख्वास्त है कि कृप्या कर उनकी सब्सिडी 50 से 80 पर्सेंट की जाए और जो बेलर है, जो इनकी स्कीम में नहीं है, उसको भी डाला जाए । जैसे इस बार 80 के करीब औज़ार दिए गए हैं, पंजाब में बहुत बड़े पैमाने पर खेती होती है, मेरी सिर्फ एक गुज़ारिश है कि किसानों को दिए जाने वाले जो औज़ार हैं, कम से कम दस हज़ार औज़ार इसी सीज़न में दिए जाएं । धन्यवाद ।